दिनांक : 26.12.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

राष्ट्रपति-बाल पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में 17 बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए सात श्रेणियों में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए। चौदह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के इन बच्चों को कला और संस्कृति, बहादुरी, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा, खेल और पर्यावरण के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक पदक, एक प्रमाण पत्र और एक प्रशस्ति पुस्तिका दी गई।

इस अवसर पर उपस्थिति लोगों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मु ने वीर बाल दिवस के अवसर पर साहिबजादों की वीरता और बलिदान को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि यह दिन सिखों के दसवें गुरू गुरू गोविन्दसिंह के युवा बेटों के अद्वितीय बलिदान और साहस के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए हर साल मनाया जाता है।

वीर बाल दिवस

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों के बलिदान और पराक्रम को मप्र में स्कूल पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। आज वीर बाल दिवस पर भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे समाज ने पहले गलती की थी कि किसी दूसरे दिन बाल दिवस मनाया जाता था लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाल दिवस 26 दिसम्बर को मनाने का ऐलान कर गलती को सुधारा है।

वहीं, भोपाल के हमीदिया गुरुद्वारा में गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों के बलिदान दिवस पर माथा टेकने के बाद श्री यादव ने कहा कि यह पराक्रम, श्रद्धा, आस्था और विश्वास रखने का दिन है। मुख्यमंत्री राजधानी के भारत भवन में वीर बाल दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में सिख समाज के धर्मगुरु और अन्य गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी रही। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कीर्तन जत्था द्वारा प्रस्तुति और साहबजादों के बलिदान पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया गया। साथ ही तलवारबाजी का सांकेतिक प्रदर्शन किया गया। वहीं प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में वीर बाल दिवस के अवसर पर 16 से 26 दिसंबर के दौरान वीर शहीदों का स्मरण कर उनके सम्मान में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं।

कैबिनेट बैठक

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में आज वल्लभ भवन–मंत्रालय में मंत्रि परिषद की बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में अटल ग्रामीण सेवा सदन बनेंगे। इस सदनों के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण कर सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा। बैठक में लिए गए निर्णयों के बारे में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया–

पीएम-स्वामित्व संपत्ति कार्ड

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल 58 लाख स्वामित्व संपत्ति कार्ड वितरित करेंगे। इस अवसर पर 10 राज्यों, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मिजोरम, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लगभग 50 हज़ार गांवों में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से स्वामित्व संपत्ति कार्ड वितरित किए जाएंगे।

कार्यक्रम में स्वामित्व योजना के अंतर्गत दो करोड़ से अधिक संपत्ति कार्ड तैयार करना और एक ही दिन में 58 लाख से अधिक कार्ड वितरित करना बड़ी उपलब्धि होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री चयनित लाभार्थियों के साथ बातचीत भी करेंगे।

क्रिकेट-भारत-ऑस्ट्रेलिया

मेलबर्न में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया ने 6 विकेट पर 311 रन बनाए। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का फैसला किया। पहली बार खेल रहे सैम कोंस्टास ने शानदार 60 रन बनाए। उस्मान ख़्वाजा ने 57, मानर्स लाबुशेन से 72 और स्टीव स्मिथ ने नाबाद 68 रन की पारी खेली। दोनों टीमों ने पांच मैचों की सीरीज में एक-एक मैच जीता है।

संक्षिप्त समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 100 वीं जन्मजयंती के अवसर पर कल खजुराहो से आगरमालवा जिले में 409.39 लाख की लागत से निर्मित होने 11 अटल ग्राम सुशासन भवनों का वर्चुअल भूमि–पूजन किया गया।

- नर्मदापुरम शहर की एक दुकान में कल देर रात लिफ्ट के अचानक गिरने से उसमें सवार 5 लोग घायल हो गए, जिनमें से दो लोगों को को गम्भीर चोटें आईं हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

- शिवपुरी में दो दिन पहले हल्की बारिश के बाद मौसम बदल गया है। यहां ठंड बढ़ गई है । सर्दी के इस दौर के बीच न्यूनतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है । आज बादल छाए रहने और ठंडी हवाओं के कारण लोग सर्दी से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं।

- छिन्दवाड़ा जिला प्रशासन और मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के सयुंक्त तत्वावधान में छिंदवाड़ा जल महोत्सव में पर्यटकों के आने का सिलसिला लगातार जारी है। कल जल महोत्सव में हजारों पर्यटकों ने शामिल होकर वॉटर व एयर एक्टिविटी का लुफ़्त उठाया।

....